## <u>जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 12.06.2026 को आयोजित जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 तथा पूर्व निर्मित ग्रामीण पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण, रख–रखाव एवं संचालन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की</u>

## <u>समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः–</u>

जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 12–06–2026 को अपरान्ह 04:00 बजे जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 अन्तर्गत फर्म क्रमशः मै० पीएनसी इन्फ्राटेक लि० आगरा एवं मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, द्वारा पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यों तथा पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण, रख–रखाव एवं संचालन हेतु फर्म मै० प्रवीन इलेक्ट्रिकल्स प्रा०लि०, मुम्बई द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही –

1. श्री अंकित यादव अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), कासगंज।
2. श्री निखिल कुलश्रेष्ठ, सहायक अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), कासगंज।
3. श्री अजीत कुमार, सहायक अभियन्ता, (SWSM) उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), कासगंज।
4. श्री विनोद कुमार, डी०पी०एम०, टी०पी०आई० आरवी एसोसियेट, कासगंज।
5. श्री आशीष कुमार, जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू०, कासगंज।
6. श्री आर०के० पौन, परियोजना प्रबन्धक, मै० पीएनसी इन्फ्राटेक लि० कासगंज,।
7. श्री कौशलेन्द्र कौशल, परियोजना प्रबन्धक, मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, कासगंज।
8. श्री अरविन्द कुमार, एस०एम०, मै० प्रवीन इलेक्ट्रिकल्स, मुम्बई।

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर फेजवार एवं कार्यदायी संस्था वार समीक्षा की गयी :–

1. **कार्यदायी संस्था मै० पीएनसी इन्फ्राटेक लि० की समीक्षा :–** अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), कासगंज द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मै० पीएनसी इन्फ्राटेक लि० को 381 नग पेयजल योजनाओं (615 राजस्व ग्राम) आवंटित किया गया है, जिसकी प्रगति निम्नानुसार है :–

| क्र0सं0 | पे०यो० के घटक | प्रस्तावित कार्य | पूर्ण कार्य | अवशेष कार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नलकूप बोरिंग | 382 नग | 382 नग | 0 नग |
| 2. | पम्प हाउस | 382 नग | 374 नग | 8 नग |
| 3. | बाउन्ड्रीवॉल | 382 नग | 382 नग | 0 नग |
| 4 | शिरोपरि जलाशय | 377 नग | 105 नग | 272 नग |
| 5 | वितरण प्रणाली | 3505 कि0मी0 | 3262 कि0मी0 | 243 कि0मी0 |
| 6 | गृह जल संयोजन | 181279 नग | 172710 नग | 8569 नग |
| 7 | नियमित जलापूर्ति (राजस्व ग्राम) | 615 | 375 | 240 |
| 8 | मार्ग पुनर्स्थापन (राजस्व ग्राम) | 615 | 549 | 66 |

2. **कार्यदायी संस्था मै० आयॅन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0 की समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), कासगंज द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मै० आयॅन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0 को 09 नग पुर्नगठन पेयजल योजनाओं (10 राजस्व ग्राम) आवंटित किया गया है। जिसके अन्तर्गत उक्त फर्म को एक नग नलकूप, एक पम्प हाउस, 141.00 कि.मी. वितरण प्रणाली, 9492 नग गृह पेयजल संयोजन, 10 नग राजस्व ग्रामो मे नियमित जलापूर्ति, 10 नग राजस्व ग्रामो मे रोड रिस्टोरेशन एवं 10 नग हर घर जल प्रमाणीकरण का कार्य प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष एक नग नलकूप, एक पम्प हाउस, 126.00 कि.मी. वितरण प्रणाली, 9122 नग गृह पेयजल संयोजन, 5 नग राजस्व ग्रामो मे नियमित जलापूर्ति, 6 नग राजस्व ग्रामो मे रोड रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित समस्त योजनाओ को शासन द्वारा निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण कराया जाये तथा किसी भी प्रकार की शिथिलता पाये जाने पर सम्बन्धित कार्यदायी संस्था उत्तरदायी होगी।

जिन योजनाओ मे विशेष बाधाऐ है, उनके सम्बन्ध मे पृथक कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक कार्यदायी संस्था द्वारा निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण कराते हुये नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

3. **पूर्व निर्मित पे0यो0 की समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), कासगंज द्वारा पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै० प्रवीन इलेक्ट्रिकल्स मुम्बई द्वारा 23 नग पेयजल योजनाओं (26 राजस्व ग्राम) पर अनुरक्षण, संचालन एवं रख–रखाव सम्बन्धी कार्यों के सम्बन्ध में निम्नानुसार अवगत कराया गया:–

| क्र0सं0 | पे0यो0 की संख्या | आंशिक रूप से संचालित श्रेणी अन्तर्गत कुल पे0यो0 की सं0 | पूर्ण रूप से बन्द श्रेणी अन्तर्गत कुल पे0यो0 की सं0 | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 23 नग | 20 नग<br>(22 नग राजस्व ग्राम) | 03 नग | |

अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व निर्मित पे0यो0 पर मरम्मत के कार्य हेतु प्राक्कलन की स्वीकृति शासन स्तर से होना शेष है प्राक्कलन की स्वीकृति उपरान्त मरम्मत के कार्य प्रारम्भ करा दिये जायेंगे। वर्तमान मे पे0यो0 पर आंशिक रूप से पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

4. **नल जल मित्र की समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), कासगंज द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 423 ग्राम पंचायतो के सापेक्ष 507 नग नल जल मित्र का नामांकन कराया जाना है जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 320 नग नल जल मित्र के नामांकन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है शेष नामांकन का कार्य प्रगति पर है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिया गया कि जिला पंचायतीराज अधिकारी से समन्वय स्थापित कर नल जल मित्र का नामांकन शत प्रतिशत पूर्ण करा लिया जाये।

5. **हर घर जल समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 681 राजस्व ग्राम के सापेक्ष 171 राजस्व ग्रामों का हर घर जल प्रमाणिकरण की कार्यवाही की जा चुकी है।

**7. गृह जल संयोजन की समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मे कुल 205190 नग गृह जल संयोजन के कार्य कराये जाने प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष 196251 नग गृह जल संयोजन के कार्य कराये जा चुके है शेष कार्य प्रगति पर है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं कार्यदायी संस्था मै० पीएनसी इन्फ्राटेक लि0 आगरा एवं मै0 ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, तथा मै० प्रवीन इलेक्ट्रिकल्स प्रा०लि०, मुम्बई को निम्न निर्देश दिये :–

- समस्त योजनाओ को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत पूर्ण किया जाये।
- प्रत्येक राजस्व ग्राम मे नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।
- कार्यो की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की जाये।
- लम्बित कार्यो के लिये उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुये समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

अन्त मे बैठक सधन्यवाद समाप्त की गयी।

13/6/26

मुख्य विकास अधिकारी
कासगंज

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, कासगंज

पत्रांक– 1439 / J.J.M./Kas./ 158 दिनांक– 13.06.2026

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित की सेवा मे सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, कासगंज।
3. डी०पी०एम०, आरवी एसोसियेट (टी०पी०आई०), कासगंज
4. जिला समन्वयक, मैसज टैक्नो कॉन्सेप्ट (डी०पी०एम०यू०), कासगंज ।
5. परियोजना प्रबन्धक, मै० पीएनसी इन्फ्राटेक लि0 कासगंज।
6. परियोजना प्रबंधक, मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, कासगंज।
7. परियोजना प्रबन्धक, मै० प्रवीन इलेक्ट्रिकल्स प्रा०लि०, कासगंज।

मुख्य विकास अधिकारी
कासगंज